
## एक नजर में

### निलंबित पटवारियों के समर्थन में गोगावां तहसील पटवारी संघ ने दिया ज्ञापन



**गोगावा, निप्र।** गत दिनों खरगोन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग खरगोन द्वारा दो अलग अलग प्रकरणों के मामले में तहसील खरगोन( ग्रामीण ) के दो पटवारियों अखयार खान प हल्का न 23 फाजीलपुरा ओर राजसीह चौहान प हल्का न 18 पर निलंबन की गाज गिरी थी बताया जा रहा है कि तथ्यो को छुपाकर व्स्तुस्थित की सही रिपोर्ट प्रस्तुत न करने संबंधी कारण बताकर अवैधानिक रूप से दोनो पटवारियों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने निलंबित कर दिया था। पटवारी संघ गोगावा ने उनके निलंबन को वापस लेकर वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने की बात करते हुए गोगावा के समस्त पटवारियों ने सामूहिक रूप से तीन दिन 16 जनवरी से 18जनवरी तक के अवकाश पर उतरने के संबंध मे गुरुवार को एक ज्ञापन तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर को सोपा है वही ज्ञापन में बताया गया है कि अगर तीन दिन में दोनो पटवारियों की निलंबन आदेश निरस्त नहीं किया जाता है तो अगले चरण में प्रांतीय पटवारी संघ खरगोन के आह्वान पर समस्त पटवारी कलमबंद हड़ताल करने पर बाध्य रहेगे इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही भी जिला प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन के दौरान तहसील के समस्त पटवारी मौजूद थे। उधर आम लोगो का कहना है की तहसील के सभी पटवारी अगर अवकाश पर रहते है तो सीधे तौर पर किसान लोगो के साथ ही जन्म मृत्यु जाती प्रमाण पत्र बनवाने वाले लोगो को भी परेशान होना पड़ेगा।

### मंडलेश्वर के मंडन मिश्र महाविद्यालय में रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण

**मंडलेश्वर, निप्र।** आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ योजना के अंतर्गत 30 दिवसीय अल्प अवधि रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम बेसिक कोर्स ऑफ ड्रेस डिजाइनिंग (सिलाई कढ़ाई) का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एस चौहान एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राम दास शर्मा सदस्य अभिलाष ठाकुर की उपस्थिति में हुआ।डॉ प्रवीर पाण्डेय ने बताया कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को कौशल विकास एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु दिया गया प्रशिक्षण पूर्णतया निशुल्क था प्रशिक्षण उद्यमिता विकास केंद्र खरगोन की प्रशिक्षक अलका कर्मा द्वारा दिया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एस चौहान ने विद्यार्थियों से अपने करियर को सफल बनाने के लिए मन लगाकर शिक्षण प्रशिक्षण हेतु विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में कौशल विकास होगा तथा



विद्यार्थीयो को अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने में सहायता मिलेगी महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री रामदासजी शर्मा ने विद्यार्थियों से उद्योगम पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया एवं।इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो राजगुरु पाटीदार डॉ मुकेश साठे आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ ओ एस परिहार डॉ एस एस ठाकुर डॉ संतोष बर्डे डॉ आरती लोमारे डॉ निहारिका कुशवाह डॉ अजय देवड़ा डॉ कपिल खरे श्रीमती निधि अग्निहोत्री सुनील मुवेल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ प्रवीर पाण्डेय ने किया।

### बिस्टान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ

**बिस्टान, निप्र।** बिस्टान समीप बन्हेर यहां गुरुवार से शुरू हुए सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के तहत दोपहर 12 :00 बजे बजे कथा प्रवक्ता संत श्री राधे चैतन्य महाराज की अगवानी एवं स्वागत सम्मान में बिस्टान से कसारपुरा तक( 4 किलोमीटर की) विशाल वाहन रैली निकाली गई। इस बीच मार्ग में जगह-जगह जेसीबी के पीले पंजे पर खड़े होकर स्वागातुरो द्वारा संत श्री राधे चैतन्य महाराज पर पुष्पवर्षा की गई। यहां श्री संत द्वारा शिवालय में विराजित अविनाशी श्री विश्वेश्वर महादेव की पूजा अर्चना करके दर्शन लाभ लिया गया। तत्पश्चात यहीं से बालिकाओं के सिर पर श्रीफल ,कलश धारण करके भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में आगे आगे रसाल राठौर सह धर्मपत्नी के साथ सह-सम्मान सिर पर पवित्र श्रीमद् भागवत महापुराण को रखकर चल रहे थें। सबसे पीछे सुसज्जित बग्गी (रथ) पर बैठे कथा प्रवक्ता महाराज जी चल रहे थे।



बीच में बंजारा समाज बहुल नौ टांडा (गांवो )के बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे और पुरुष श्री राम नाम संकीर्तन पर मस्त झूमते देखे गए। कलश यात्रा ग्राम में गलियों से गुजरकर श्री संत शिवालाल चौराहा होते हुए दोपहर 2 :30 बजे कथा स्थल पहुंची। यात्रा में देरी होने से प्रथम दिवस की कथा निर्धारित समय 12 :00 बजे के बजाय 3 :00 बजे शुरू हो सकी। प्रथम दिवस की कथा मे प्रवक्ता द्वारा श्रोताओं को मनुष्य जीवन में धार्मिक श्री भागवत महापुराण की कथा सुनने का महात्म समझाया गया। संत श्री के अनुसार श्रोताओं को अपने मन, चित्त में अपने अपने पूर्वजों, पितरों को रखकर कथा श्रवण करनी चहिए। ऐसा करने से स्वयं का घर परिवार स्वर्ग सा बनता है और पितरों को मोक्ष प्राप्त होता है। मनुष्य जीवन में सत्संग जरूरी है। सत्संग के प्रभाव से जीवन में इंसान अच्छे कर्म करता है। भाग्य कोई लिखता नहीं है।

### छात्रों ने ग्राम लेपा पुनर्वास में एक व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित पेरामाउंट एकेडमी के एनसीसी छात्रों ने ग्राम लेपा पुनर्वास में चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान ग्राम लेपा पुनर्वास 7 15 जनवरी 2026 एनसीसी के अंतर्गत 9वीं एवं 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा ग्राम लेपा पुनर्वास में एक व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व से



अवगत कराना तथा उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। अभियान के दौरान छात्रों ने गाँव के लोगों से संवाद कर उन्हें बताया कि स्वच्छता केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। छात्रों ने घर-घर जाकर लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कूड़ा इधर-उधर न फैलाने तथा नियमित सफाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों ने स्वयं भी गाँव में साफ-सफाई कर कूड़ा-कचरा एकत्र किया और उचित स्थान पर डाला। उन्होंने ग्रामीणों को यह समझाया कि स्वच्छ वातावरण से बीमारियों से बचाव होता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार आता है। इस अभियान के माध्यम से छात्रों ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। अभियान के समापन पर छात्रों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और अपने घर, गली तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखें। उन्होंने यह संदेश दिया कि स्वच्छता अपनाकर न केवल व्यक्ति स्वयं स्वस्थ रहता है, बल्कि समाज और राष्ट्र भी स्वस्थ एवं समृद्ध बनता है।

# नवग्रहों के पूजन, दर्शन के साथ गौरव दिवस का शुभारंभ

## नगर के गौरव दिवस पर भव्य आतिशबाजी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

### सायंकाल में कुंदा नदी की आरती, नागपुर के कलाकारों ने दी नगाड़ों की प्रस्तुति





**नवभारत न्यूज़**

**खरगोन,** निप्र। नवग्रहों की नगरी के नाम से प्रसिद्ध खरगोन नगर का गौरव दिवस 14 जनवरी को भगवान सूर्य की अगुवानी के पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रातः नवग्रहों के पूजन-दर्शन के साथ गौरव दिवस का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, नगर पालिका सीएमओ सुश्री कमला कौल सहित सभापति, पार्षद, जनप्रतिनिधि तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी व नगरवासी उपस्थित रहे। शोभायात्रा नवग्रह मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य आयोजन स्थल कुंदा नदी तट स्थित किला मैदान परिसर पहुंची, जहां 101 फीट तिरंगे का झंडावंदन कर राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया। गौरव दिवस के अवसर पर दो दिवसीय आयोजनों को लेकर कुंदा नदी तट को भव्य रूप से सजाया गया। सायंकाल गणेश मंदिर के सामने कुंदा नदी किनारे दीपदान एवं महाआरती का आयोजन हुआ। साथ ही भव्य व रंगारंग आकर्षक आतिशबाजी की गई। इसके पश्चात नगर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 14 जनवरी की सांयकाल में कुंदा नदी तट पर जिले के गौरव दिवस का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, नगर पालिका सीएमओ श्रीमती कमला कौल एवं नागरिकों की गरिमामयी मौजूदगी में कुंदा नदी की आरती के साथ हुआ। शुभारंभ अवसर पर भव्य आतिशबाजी ने आकाश को रोशन कर दिया, वहीं नागपुर से आए नगाड़ों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से गौरव दिवस के उत्सव को यादगार बना दिया।

## संकल्प से समाधान अभियान का प्रशिक्षण दिया




**गोगावा, निप्र।** 15/01/2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावा में संकल्प से समाधान अभियान का प्रशिक्षण तहसीलदार सर एस .एल. ठाकुर एवं जनपद से उदय पाटीदार, बीएमओ आशाराम खरते द्वारा दिया गया। अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हे के लक्ष्य अनुरूप लाभ देना एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिये प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रशिक्षणमें आशा कार्यकर्ता, सुपरवाइजर,सी एच ओ,ए एन एम, एम पीएच डब्ल्यू उपस्थित रहे। ष्टरू।ह्र सर डॉ डी.एस.चौहान सर द्वारा मिटिंग में सभी प्रोग्राम की समीक्षा की गई जिसमें गर्भवती महिला पंजीयन, प्रथम त्रैमास पंजीयन, हाई रिस्क गर्भवती महिला पहचान एवं उसका प्रबंधन, 2द्वठ्ठ पोर्टल पर बच्चों का अपडेशन, सिकल सेल एवं उनका उपचार कर पोर्टल पर इंट्री करना, मलेरिया ,टीबी, कुष्ट, डिलीवरी अपडेशन, ह्ष्टष्ठ आदि राष्ट्रीय कार्यक्रमो की समीक्षा की गई बैठक मे जिला स्तर से किशोर मुजाल्दे सांख्यिकी अधिकारी ओर विकासखंड स्तर से डॉ अहमद रजा खान, एम . ओ,विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक अशीष पंवार , परसराम क्षेत्रे बी . ई.ई.क्क्ष्टरूजितेंद्र पाटीदार, अशोक कुशवाह एम आई, सुभाष निरर्गुड़े , ए एन ए, संकल्प से संजय सर, अजय डुडवे, संतोष सावले ने जानकारी दी। पिछले 5 वर्ष से मलेरिया का कोई भी मरीज पॉजिटिव नही मिलने पर ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ आशाराम ख़रते ने प्रसन्नता व्यक्त कर गोगावां टीम को धन्यवाद दिया व अपेक्षा की की आगे भी निरंतर इसीप्रकार से कार्य करे बैठक में मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने 2026 का प्लान बताया व सभी कर्मचारियों को मलेरिया सामग्री उपलब्ध कराई।

## संयुक्त संचालक नीलम निनामा ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

**खरगोन, निप्र।** संयुक्त संचालक नीलम निनामा द्वारा 15 जनवरी को जिला कोषालय का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण कोषालय खरगोन के अंतर्गत आने वाले आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को वेतन निर्धारण से उत्पन्न कठिनाइयों का समाधान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती हेमलता शर्मा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर उप संचालक श्री राम बामनिया सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## परीक्षा पर चर्चा से विद्यार्थियों का बढ़ाया आत्मविश्वास

**खरगोन, निप्र।** शहर के उत्कृष्ट स्कूल परिसर में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेवानिवृत्त शिक्षक दिलीप कर्पे ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए परीक्षा का दबाव न लेते हुए आसान तरीके से तैयारी करने के टिप्स दिए। विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए समय प्रबंधन पर जोर दिया। संवाद करते हुए विषयवार आ रही समस्याओं को समझा और उनके हल निकालने के तरीके बताए। श्री कर्पे ने प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों के सवालों का




जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। स्वागत प्राचार्य राजेंद्र पाटीदार ने किया। स्वागत भाषण लोकेंद्र शाह ने दिया। आभार संगीत शिक्षक मुरली खोड़े ने माना।

## पर्यटन स्थल महेश्वर के पीएम श्री विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ

**महेश्वर , निप्र।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत पर्यटन स्थल महेश्वर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महेश्वर में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री ब्रजकांत शुक्ला ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक लड़की और महिला के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण आवश्यक है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से बालिकाओं में आत्मविश्वास का विकास होता है और वे स्वयं की




सुरक्षा करने में सक्षम बनती हैं। उन्होंने अधिक से अधिक बालिकाओं से इस प्रशिक्षण में भाग लेने का आह्वान किया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर सुश्री नीति पाटीदार द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के अंतर्गत बालिकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों की जानकारी देने के साथ-साथ उनका व्यवहारिक अभ्यास भी कराया जाएगा। पर्यटन के जिला समन्वयक नीरज अमझरे ने बताया कि कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में विद्यालय की 200 छात्राओ का प्रशिक्षण आरंभ हुआ है जो 60 दिन चलेगा। इसके साथ ही साइबर क्राइम, इंटरनेट सेफ्टी, महिला हेल्पलाइन, महिला डेस्क एवं वन स्टॉप सेंटर जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के संबंध में जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान वसुधा विकास संस्थान के संकुल समन्वयक श्री मिथुन रावत ने बताया कि यह प्रशिक्षण बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे अपने ही क्षेत्र में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगी। यह प्रशिक्षण भविष्य में किसी भी आपातकालीन या अवांछित परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## स्कूल में नन्हें बच्चों ने उड़ाई पतंग जाना मकर संक्रांति का महत्व




**खरगोन, निप्र।** शहर के बाकी माता मंदिर क्षेत्र में संचालित हो रहे किड्स केयर प्ले स्कूल में मकर सक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के लिए पतंग महोत्सव का आयोजन कर खेल-खेल में मकर संक्रांति का महत्व भी बताया गया। स्कूल संचालिका दीपाली परसाई ने बताया कि बच्चों में हमारे तीज- त्यौहारों के रीति- रिवाज का बीज बाल्यकाल में ही बोया जाता है तो वह भविष्य में वटवृक्ष बनकर हमारे संस्कारों, परपंराओं को जीवंत रख सकेंगे। मकर सक्रांति पर पतंग उड़ाने का महत्व बताते हुए कहा कि पतंग का ऊंचा उडना मानवीय आकांक्षाओं और प्रगति का प्रतीक है। जिस तरह पतंग हवा के विपरीत जाकर ऊंचाई छूती है, वैसे ही यह त्योहार हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कुराने और आगे बढने की प्रेरणा देता है। इस दौरान बच्चों ने रंग- बिरंगे पतंग उड़ाई, जिन्हें पुरुस्कृत भी किया गया।

**एक नजर में** ▶ **मकर संक्रांति पर पतंग महोत्सव में विधायक यादव ने भी उड़ाई पतंग**

## नशामुक्त, स्वस्थ और सशक्त निर्माण के लिए हुई मैराथन का विधायक ने किया शुभारंभ

**नव भारत न्यूज**

**कसरावद, निप्र।** मकर सक्रांति के पर्व और पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव के जन्मदिवस पर गुरूवार को सुबह कसरावद में भव्य मैराथन और पतंग महोत्सव का शुभारंभ मप्र के कृषि मंत्री रहे विधायक सचिन यादव ने किया । सुभाष यादव फाउण्डेशन बोरावां खरगोन के तत्वावधान में बेहतर कल के लिए कसरावद को करेंगें नशामुक्त और स्वस्थ्य कसरावद मेरा अभिमान की भावना को लेकर हुए आयोजन में मैराथन के विजेताओं को विधायक सचिन यादव ने नगद पारितोषिक भी प्रदान किया । इस मैराथन में कुल 565 धावकों ने मैराथन में हिस्सा लिया । इस अवसर पर श्री यादव ने उपस्थित जनों को नशामुक्त और स्वस्थ्य कसरावद मेरा अभिमान की शपथ भी दिलाई । मैराथन में धावकों के साथ विधायक सचिन यादव ने भी 3 किमी और 5 किमी की दौड़ में सहभागिता की । उपस्थित जनों और विधायक सचिन यादव ने अपने अग्रज और निमाड़ के लाड़ले नेता देश के कृषि मंत्री रहे अरूण यादव के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर उन्हें अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाऍ भी प्रेषित की । कृषि उपज मण्डी समिति कसरावद के



प्रांगण में हुए इस आयोजन को संबोधित करते हुए सचिन यादव ने कहा कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को नशामुक्ति , स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवन शैली के प्रति जागरूक करना है । हमारा यह अभियान सतत् जारी रहेगा । उन्होनें युवाओं और उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि आप सभी आदर्श कसरावद के निर्माण के लिए नशा छोड़ें और इसके लिए जागरूकता फैलाऍ । पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी आप सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाऍ ।

**मैराथन के विजेताओं को किया सम्मानित और पुरस्कृतः-** विधायक सचिन यादव ने कसरावद मैराथन के विजेता 12 प्रतिभागियों को सम्मानित कर नगद पुरस्कार प्रदान किया । उन्होनें आयोजन में सक्रिय भूमिका अदा करने वाले खेल अधिकारियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए । श्री यादव ने 3 किमी की मैराथन में 19 वर्ष से कम आयुवर्ग के प्रथम विजेता बालक अभिषेक को 11 हजार रूपये , द्वितीय विजेता बालक शिवम को 5100 रू और तृतीय विजेता बालक शिवलाल को 2100 रू का नगद पुरस्कार प्रदान किया । प्रथम विजेता बालिका सुश्री अर्चना चौहान को 11 हजार , द्वितीय विजेता बालिका सलिता गोवहले को 5100 रू और तृतीय विजेता बालिका सुश्री मुस्कान राजपूत को 2100 रू का नगद पुरस्कार प्रदान किया । उन्होनें 5 किमी की मैराथन के प्रथम विजेता पुरूष राजू यादव को 21 हजार , द्वितीय विजेता उपेन्द्र पाल को 11 हजार और तृतीय विजेता सूर्य प्रकाश यादव को 5100 रू का नगद पुरस्कार प्रदान किया ।